जबलपुर | सोमवार | 21 सितंबर 2026 | वर्ष 77 | अंक 239 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 यूक्रेन ने मास्को पर दागे 1600 ड्रोन, दहला रूस


6 पीएफ के लिए और बढ़ानी थी वेतन सीमा



7 टाटा ग्रुप में आया बड़ा भूचाल


8 दीपिका सहरावत ने दागे आठ गोल

### भाजपा का तीखा हमला : कांग्रेस कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी

# पीएम की मिमिक्री पर संग्राम

**नवभारत न्यूज**
**नई दिल्ली, 20 सितंबर: इंदौर में राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान की गई मिमिक्री को लेकर देश की राजनीति में एक फिर उफान आ गया है. कार्यक्रम के अगले दिन रविवार को भाजपा ने जमकर पलटवार किया. वहीं कांग्रेस के तमाम नेता राहुल गांधी के बचाव में उतर आए.**

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर कांग्रेस की मिमिक्री वाला क्लिप शेयर कर लिखा, कांग्रेस पार्टी कॉमेडियन और जोकरों की पार्टी बन गई है. वे हमेशा के लिए बाहर हो गए हैं. रिजिजू ने एक और ट्वीट में राहुल गांधी और कांग्रेस पर निशाना साधा. उन्होंने लिखा कि 'क्या आपको बुजुर्ग मां और भारत के प्रधानमंत्री का मजाक उड़ाते हुए जरा भी शर्म नहीं आती.' मालूम हो कि राहुल गांधी के शनिवार को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी के तौर-तरीकों और सार्वजनिक रूप से उनके पेश आने वाले अंदाज की मिमिक्री की गई थी. मोदी की हंसी, हाथों के इशारों इसमें शामिल थे.



### दीया जलाने को पैसा है, हॉस्टल के लिए क्यों नहीं : राहुल

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने छात्राओं के लिए सुरक्षित और किफायती आवास की उपलब्धता का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जवाब मांगा है. इंदौर में आयोजित 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम के दौरान एक छात्रा ने उच्च शिक्षा के लिए गांव से शहर आने के बाद हॉस्टल की सुविधा नहीं मिलने की समस्या बताई थी. इसी समस्या को लेकर राहुल गांधी ने पीएम मोदी से एक्स पर पोस्ट साझा करते हुए पूछा कि, 'सरकार के पास दिया जलाने के लिए पैसा है—हमारे हॉस्टल के लिए क्यों नहीं?' छात्रा गांव से पढ़ाई करने शहर आई है, लेकिन हॉस्टल उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे पीजी में रहना पड़ रहा है.

### पहले कोलंबस स्कूल में हुई अपनी पढ़ाई देखिए

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के वरिष्ठ सलाहकार दिलीप मंडल ने कहा कि राहुल गांधी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अंग्रेजी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए. राहुल गांधी को सेंट कोलंबस स्कूल, सेंट स्टीफंस कॉलेज और कैंब्रिज विश्वविद्यालय में पढ़ाया गया है. उन्हें गुजरात के एक स्कूल में पढ़े, छोटे शहर के निम्न-मध्यम वर्गीय व्यक्ति की अंग्रेजी का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए. राहुल की इस तरह की टिप्पणी से उन्हें नुकसान ही हुआ है और खासकर गरीब, ग्रामीण और कस्बाई जनता इसे पसंद नहीं करती.

### सपा ने भी किया किनारा

इस विवाद पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद अरशद खान ने कहा कि राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन प्रधानमंत्री पद की गरिमा और हर व्यक्ति की मां का सम्मान होना चाहिए. चाहे कोई आम नागरिक हो या सांसद-विधायक, सभी का सम्मान और गरिमा है. किसी की मां के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहने का अधिकार किसी को नहीं है.



### बचाव में उतरी कांग्रेस

भाजपा के हमलों के बाद अब पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के बचाव में उतर आई है. कांग्रेस ने न सिर्फ मिमिक्री विवाद पर भाजपा के रवैये को अलोकतांत्रिक बताया, बल्कि यह भी आरोप लगाया कि भाजपा-आरएसएस ने मिलकर देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था को खोखला कर दिया है. जयराम रमेश ने कहा कि राहुल गांधी ने 'सिस्टम' का पर्दाफाश कर दिया है.



# नागपुर-इटारसी : 1 घंटा लगेगा कम

**नवभारत न्यूज़ नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 20 सितंबर. उत्तर और दक्षिण भारत के बीच रेल नेटवर्क को सुपरफास्ट बनाने के लिए नागपुर से इटारसी के बीच 308 किलोमीटर लंबी चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है.**

रेलवे की इस 5,451 करोड़ रुपये की परियोजना के पूरा होते ही नागपुर से इटारसी का सफर 1 घंटे तक कम हो जाएगा. वर्तमान में जहां नागपुर से इटारसी के बीच का सफर तय करने में 5 घंटे का समय लगता है, वहीं चौथी लाइन बिछने के बाद यह यात्रा महज 4 घंटे में पूरी हो सकेगी. बीना से नागपुर तक कुल 544 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड पर ट्रेनों की रफ्तार बढ़ेगी, जिसका सीधा फायदा आम यात्रियों को मिलने के साथ-साथ माल ढुलाई में भी प्रति क्विंटल 150 रुपये की बचत के रूप में होगा.

05 घंटे में नागपुर-इटारसी यात्रा
04 घंटे में नया यात्रा समय
01 घंटा में समय की बचत
₹150 प्रति क्विंटल माल ढुलाई में बचत
2028 परियोजना पूरी होने का लक्ष्य




**नागपुर—इटारसी चौथी रेल लाइनआंकड़ा**

नई चौथी रेल लाइन की लंबाई 308 किमी
परियोजना की लागत 5,451 करोड़

| टनल 1 | टनल 2 | टनल 3 | टनल 4 |
|---|---|---|---|
| 575 मीटर | 221 मीटर | 239 मीटर | 584 मीटर |

# डीयू में एनएसयूआई की करारी हार पर राहुल जमकर बरसे

**नवभारत न्यूज**
**नई दिल्ली,20 सितंबर. दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी हार राहुल गांधी ने उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया पर गहरी नाराज़गी व्यक्त करते हुए एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार को फटकार लगाई है.**

राहुल गांधी ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को डीयू छात्रसंघ चुनाव में पार्टी की छात्र इकाई की हार के कारणों को जांचने के लिए सख्त निर्देश दिए. सूत्र के अनुसार देर रात आरंभ हुई बैठक में वेणुगोपाल ने एनएसयूआई प्रभारी कन्हैया कुमार को कड़ी फटकार लगाई. उम्मीदवार चयन की प्रक्रिया और सक्षम उम्मीदवार की उपस्थिति के बावजूद उसे टिकट नहीं देने को लेकर सवाल भी किया गया है. दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास में पूरे 17 साल बाद एनएसयूआई से बागी होकर निर्दलीय लड़ने वाले दीपांशु शौकीन की जीत को लेकर सवाल उठाए गए.

# एशियन गेम्स में भारत का सिल्वर से श्री गणेश

### निशानेबाजों ने जीता दिल



**नागोया, 20 सितंबर( एजेंसी ). जापान के आइची-नागोया में चल रहे एशियन गेम्स 2026 में भारतीय दल ने पहले ही दिन जोरदार प्रदर्शन किया. भारत ने शूटिंग में दो रजत पदक अपने नाम कर पदक तालिका में खाता खोला.**

एलावेनिल वलारिवन ने महिला 10 मीटर एयर राइफल की टीम स्पर्धा के बाद व्यक्तिगत मुकाबले में भी रजत पदक जीता. वहीं महिला क्रिकेट टीम ने बांग्लादेश को 114 रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है. हॉकी में भी भारतीय टीमों ने बड़ी जीत दर्ज की, जबकि महिला बैडमिंटन टीम ने कजाकिस्तान को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई.

### शूटिंग में एलावेनिल का डबल सिल्वर

भारत का पहला पदक महिला 10 मीटर एयर राइफल टीम स्पर्धा में आया. एलावेनिल वलारिवन, सोनम उत्तम मस्कर और विदार्सा विनोद की तिकड़ी ने 1898.0 अंक हासिल कर रजत पदक जीता. चीन ने 1904.2 अंक के साथ स्वर्ण और जापान ने 1897.1 अंक के साथ कांस्य पदक हासिल किया. इसके बाद एलावेनिल ने व्यक्तिगत फाइनल में भी रजत पदक हासिल किया. उन्होंने 252.4 अंक बनाए और जापान की हिनाता ताइची से 0.6 अंक पीछे रहीं. हिनाता ने 253.0 अंक के साथ एशियन गेम्स रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण जीता.

### महिला क्रिकेट में फाइनल का टिकट

महिला क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 114 रन से हराकर स्वर्ण पदक मुकाबले में प्रवेश किया. भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 195/4 रन बनाए. शेफाली वर्मा ने शतक लगाकर पारी को मजबूती दी. जवाब में बांग्लादेश की टीम 15.4 ओवर में 81 रन पर सिमट गई. अब भारत का फाइनल में श्रीलंका से मुकाबला 22 सितंबर को होगा.

### एक नजर में

**मुंबई में बीएमडब्ल्यू पुल से गिरी, तीन की मौत**

**मुंबई.** मुंबई कोस्टल रोड पर रविवार सुबह बीएमडब्लू कार के दुर्घटनाग्रस्त होकर पुल से नीचे गिरने से तीन लोगों की मौत हो गइ. जानकारी के मुताबिक, वाहन मरीन ड्राइव से हाजी अली की दिशा में जा रहा था. चालक का गाड़ी पर नियंत्रण बिगड़ गया और कार बाउंड्री वॉल से टकराने के बाद पुल से नीचे जा गिरी.

**महाराष्ट्र की नीला विखे पाटिल स्वीडन की सांसद बनीं**

**स्टॉकहोम.** महाराष्ट्र से जुड़ी भारतीय मूल की नीला विखे पाटिल स्वीडन की संसद रिक्सडाग की सदस्य चुनी गई हैं. उन्हें स्टॉकहोम सिटी निर्वाचन क्षेत्र से सफलता मिली. स्वीडन की संसद की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, नीला ग्रीन पार्टी से जुड़ी हैं और स्टॉकहोम निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं.

### गुस्ताखी माफ




# इमरान की बहन गिरफ्तार

## विरोध प्रदर्शन से पहले पाक में बड़ा एक्शन

**लाहौर, एजेंसी 20 सितंबर. पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन अलीमा खान को पुलिस ने लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार कर लिया है. पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी है. यह गिरफ्तारी पार्टी के 27 सितंबर के बड़े विरोध प्रदर्शन से ठीक पहले हुई है.**

दरअसल, पीटीआई इमरान खान की रिहाई के लिए देशभर में प्रदर्शन करने की तैयारी कर रही है. इमरान खान पार्टी के संस्थापक और पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री हैं. वे अगस्त 2023 से जेल में बंद हैं. पार्टी की सबसे बड़ी मांग यही है कि उन्हें तुरंत रिहा किया जाए. पुलिस का कहना है कि प्रदर्शन से पहले कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया है. इससे पहले भी पीटीआई के चार कार्यकर्ताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया जा चुका है. पार्टी का आरोप है कि सरकार प्रदर्शन को कमजोर करने के लिए नेताओं और कार्यकर्ताओं को पहले से ही उठा रही है.



### 2.9 करोड़ के नोटों से सजे बप्पा



तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले के पलवंचा शहर में भगवान गणेश की मूर्ति को कुल 2.90 करोड़ रुपये के नए करेंसी नोटों से सजाया गया है. इस अनोखी सजावट को देखने रोज हजारों भक्त पंडाल में पहुंच रहे हैं. पलवंचा में दो पंडालों पर यह खास सजावट की गई है. एक पंडाल कापू समुदाय के लोगों ने तैयार किया है. यहां गणेश मूर्ति को करीब 1.40 करोड़ रुपये के नए नोटों से सजाया गया है. नोटों को करीने से मूर्ति पर लगाया गया है, जिससे मूर्ति दूर से ही चमकती दिखती है. वहीं, थोड़ी ही दूरी पर दूसरा पंडाल युवा समूह टीम एकदंत ने लगाया है. यहां की मूर्ति पर लगभग 1.50 करोड़ रुपये के करेंसी नोट लगाए गए हैं.

### तेलंगाना में न्यूरोसर्जन की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत

# डिवाइडर से टकराते ही कार खाक

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**हैदराबाद, 20 सितंबर. तेलंगाना के सूर्यापेट जिले में नेशनल हाइवे 365बीबी पर रविवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया है. खम्मम के एक वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. के. जगदीश बाबू की कार अनियंत्रित होकर रोड डिवाइडर से टकरा गई, जिसके तुरंत बाद गाड़ी में भीषण आग लग गई.**

आग इतनी तेजी से फैली कि डॉक्टर को बाहर निकलने का मौका नहीं मिला और वे कार के भीतर ही जिंदा जल गए. डॉ. जगदीश बाबू खम्मम से हैदराबाद स्थित अपने घर लौट रहे थे, जहां उनका परिवार रहता है. खम्मम ग्रामीण के सीआई जी. राजशेखर के अनुसार, प्राथमिक जांच में पुलिस को अंदेशा है कि देर रात तक काम करने या नींद पूरी न होने के कारण गाड़ी चलाते समय डॉक्टर को झपकी आ गई होगी.



### नंबर प्लेट से हुई पहचान

बाद में कार के नंबर और दस्तावेजों की मदद से उनकी पहचान डॉ. जगदीश बाबू के रूप में हुई. वे खम्मम के एक नामी प्राइवेट मेडिकल कॉलेज अउौर अस्पताल में न्यूरोसर्जरी विभाग के चीफ के रूप में कार्यरत थे. घटना की खबर मिलते ही सूर्यापेट के कई डॉक्टर और सहकर्मी मौके पर पहुंचे.

# सिंहस्थ के लिए लोगों ने खुद तोड़े अपने घर

- मुख्यमंत्री ने विकास में साथ देने वाले परिवारों का जताया आभार
- निर्माण कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

**नवभारत न्यूज़**
**उज्जैन, 20 सितंबर.** विकास की बात करना जितना आसान होता है उससे कहीं अधिक विकास में सहभागिता करना होता है, उज्जैन के उन लोगों को मैं प्रणाम करता हूं उनका आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने आशियाने अपने ही हाथों से तोड़े और सिंहस्थ 2028 के चौड़ीकरण में अपनी सार्थक भूमिका निभाई. सीएम बोले , वहां ज्यादा स्वागत सत्कार मिला जहां लोगों ने अपने मकान इसलिए तोड़े हैं कि 50 करोड़ श्रद्धालु और साधु संत उज्जैन में आए तो आवागमन सुलभ हो. सिंहस्थ महापर्व-2028 की तैयारियों के बीच डॉ. यादव ने शहर में चल रहे विकास एवं निर्माण कार्यों का पैदल भ्रमण कर जायजा लिया. नीलगंगा से केटीएम गैल इंडिया चौराहा तक मार्ग चौड़ीकरण तथा शांतिनगर से इंदौर रोड तक बनाए जा रहे नए मार्ग की प्रगति देखी. अधिकारियों से जानकारी लेते हुए सिंहस्थ की दृष्टि से परियोजनाओं को तय समय में पूरा करने पर जोर दिया.



### प्रवासियों के बीच पहुंचे सीएम


मुख्यमंत्री ने स्थानीय रहवासियों से भी संवाद किया. नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, वहीं मुख्यमंत्री ने बच्चों से हाथ मिलाकर उत्साह बढ़ाया. चौड़ीकरण के लिए मकान और जमीन उपलब्ध कराकर सहयोग करने वाले नागरिकों के प्रति उन्होंने आभार जताया.

**चिंता** पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य विषय पर एनजीटी के कार्यक्रम में सीजेआई के स्पष्ट विचार

# प्रकृति की कीमत पर विकास की अनुमति नहीं दे सकते

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**नई दिल्ली, 20 सितंबर: पर्यावरण और पारिस्थितिकी की सुरक्षा में सुप्रीम कोर्ट की भूमिका का जिक्र करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने शनिवार को शीर्ष अदालत को पर्यावरण न्याय का 'बरगद का पेड़' बताया.**

उन्होंने कहा कि संरक्षण और विकास एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि दोनों के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की ओर से आयोजित 'पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य' कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीजेआई ने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संवैधानिक प्रावधानों और न्यायपालिका की भूमिका पर विस्तार से बात की. सीजेआई ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए संविधान में प्रावधान मौजूद हैं, लेकिन संविधान के शब्द केवल बीज की तरह हैं. इन्हें अंकुरित होने और जीवन पाने के लिए न्यायिक समझ के पोषण की जरूरत होती है. उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इसी भूमिका को निभाया है. उनके मुताबिक, शीर्ष अदालत पर्यावरण न्याय के 'बरगद के पेड़' की तरह मजबूती से खड़ी रही है, जिसकी जड़ें भारत के सभ्यतागत मूल्यों में गहरी हैं और जिसकी शाखाएं आने वाली पीढ़ियों के अधिकारों की रक्षा करती हैं.



### 'संरक्षण के बिना प्रगति मृगतृष्णा'

सीजेआई ने कहा कि दशकों से सुप्रीम कोर्ट इस विचार का समर्थन करता रहा है कि संरक्षण के बिना प्रगति एक ऐसी मृगतृष्णा है, जो पारिस्थितिक विनाश के रेगिस्तान में गायब हो जाती है. उन्होंने कहा कि अदालत के फैसलों में इस बात पर जोर दिया गया है कि प्रकृति की रक्षा करना केवल परोपकार का कार्य नहीं, बल्कि आत्म-संरक्षण है. यह जीवन की निरंतरता में किया जाने वाला निवेश है.

### विकास की अनुमति लेकिन जवाबदेही के साथ

सीजेआई ने कहा कि 'पारिस्थितिकी-केंद्रित आनुपातिकता' का अर्थ यह है कि पर्यावरण संरक्षण मजबूत होना चाहिए, लेकिन इतना विवेकपूर्ण भी होना चाहिए कि वह दुनिया के मौजूदा स्वरूप के साथ तालमेल बैठा सके. उन्होंने कहा कि इस अवधारणा के तहत विकास की अनुमति देने का व्यावहारिक तरीका यह है कि उसके साथ लागू करने योग्य शर्तें, विशेषज्ञों की निगरानी, बहाली, क्षतिपूरक वनीकरण और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए.

# यूजीसी बिल पर बढ़ रही खिलाफत

## आगरा से फिरोजाबाद तक हिंसक प्रदर्शन, पुलिस से झड़प

**नवभारत न्यूज नेटवर्क**
**आगरा, 20 सितंबर. उत्तर प्रदेश के पश्चिमी जिलों में यूजीसी बिल के खिलाफ विरोध प्रदर्शनों ने हिंसक और तनावपूर्ण रूप ले लिया. आगरा और फिरोजाबाद में सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारियों और पुलिस बल के बीच तीखी झड़पें हुईं, जिससे प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया.**

आगरा में यूजीसी मुक्ति मोर्चा के आह्वान पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया. मोर्चे के अध्यक्ष और रिटायर्ड सीओ धर्मेंद्र सिंह के नेतृत्व में सुबह से ही भारी भीड़ जुटने लगी थी. जिसके बाद कलक्ट्रेट की ओर ट्रैक्टर मार्च निकालने की घोषणा की गई. इसे रोकने के लिए पुलिस ने भारी नाकाबंदी की थी, लेकिन आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग और नाकाबंदी को दरकिनार करते हुए अपने ट्रैक्टर खेतों के रास्तों से आगे बढ़ा दिए.



### जबरदस्त हंगामा

उधर, फिरोजाबाद में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के आह्वान पर सैकड़ों सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. प्रदर्शन के दौरा पुलिस के साथ उनकी झड़प हो गई.